SANJAY
STORE TEXTILES
Dara Market, Johari Bazar & Tonk Road, Paanch Batti JAIPUR
2570847

सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

If undelivered, Pl. return to
रमन अग्रवाल (संपादक)
हैल्थ व्यू : 170/3, रामगली, राजापार्क
जयपुर-302004
मो. 98290-66272
राष्ट्रस्तरीय पाक्षिक पत्रिका

HEALTH VIEW
हैल्थ व्यू
कैंसर एवं गंभीर बीमारियों की रोकथाम में प्रयासरत संस्थान

विशेष वार्षिक सदस्यता-500/-* सहयोग-2100*/- विशेष सहयोग 3100*/-

वर्ष 24 अंक 10 हिन्दी/अंग्रेजी पृष्ठ 4 प्रति-2 रु., जयपुर 04 जुलाई, 2025

चाय, नमकीन, सुपारी, मसाले, पाउडर इत्यादि की पैकिंग के लिए
ऑटोमेटिक पाउच पैकिंग मशीनें
सुरेंद्र कुमार एण्ड कंपनी
2368358, 2378231 मो. 9829013384
खंडेलवाल स्कूल बिल्डिंग, स्टेशन रोड, जयपुर

भारत में हृदयाघात :
'गोल्डन ऑवर' की अहमियत और समय पर इलाज की चुनौती

समय ही जीवन है
हार्ट अटैक के लक्षणों को हल्के में न लें और तुरंत विशेषज्ञ अस्पताल में पहुँचें। यही समय आपके जीवन का सबसे बड़ा फैसला हो सकता है।
संपर्क सूत्र : डॉ पीयूष जोशी
मो +919829025555

प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर में STEMI मरीजों के लिए डोर टू बैलून समय अंतराष्ट्रीय मापधण्डों से भी कम है, जो की रोगियों को प्रदान की जाने वाली देखभाल की दक्षता और गुणवत्ता का एक प्रमुख संकेतक है। डोर-टू-बैलून समय के कम होने का सीधा संदर्भ रिपरफ़्यूशन जल्दी होने से है, रिपेरफ्यूजन जितनी तेजी से होगा, हृदय की मांसपेशियों की क्षति को न्यूनतम करने और रोगी के परिणामों में सुधार की संभावना उतनी ही बेहतर होगी।

जयपुर। दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक के बाद शुरुआती 60-90 मिनट को 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है। यही वह समय है जब मरीज को थ्रोम्बोलाइसिस या प्राइमरी एंजियोप्लास्टी (PCI) जैसी आधुनिक चिकित्सा देकर दिल की मांसपेशियों को बचाया जा सकता है।

लेकिन भारत में केवल 25त्न मरीजों को ही समय पर थ्रोम्बोलाइटिक दवाएं मिल पाती हैं, और महज 5त्न को ही एंजियोप्लास्टी का लाभ मिल पाता है। अधिकतर मरीज 8-12 घंटे बाद अस्पताल पहुँचते हैं, जब दिल को स्थायी क्षति हो चुकी होती है। उसके बाद यदि हॉस्पिटल में इलाज में विलंब तो मरीज की जान जोखिम में होना स्वाभाविक है।

प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर ने यह सिद्ध किया है कि समय पर और कुशल इलाज से जीवन बचाना संभव है। अस्पताल में ऐसे कई केस सामने आए हैं जहां मरीजों का इलाज 'गोल्डन ऑवर' के भीतर कर उन्हें मौत के मुंह से निकाला गया।

पहला मामला 28 वर्षीय युवक का था जो क्रॉनिक स्मोकर था। वह 3:02 पर सीने में भारीपन और दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल आया। तुरंत ECG से MI की पुष्टि हुई। 3:21 पर स्टंट डालकर उसकी जान बचाई गई।

दूसरे केस में 72 वर्षीय डायबिटिक मरीज को 1 घंटे से चेस्ट पेन हो रहा था। वह 12:05 पर पहुँचे और 12:29 तक उनका स्टंट डाल इलाज कर दिया गया।

तीसरा केस 34 वर्षीय युवक का था जिसे 40 मिनट से सीने में दर्द था। वह 12:40 पर भर्ती हुआ और 1:05 पर सफल एंजियोप्लास्टी की गई। रैपिड एक्शन टीम की कमान संभालने वाले कप्तान डॉ पीयूष जोशी है।

इस सफलता के पीछे अस्पताल की तत्परता, आधुनिक कैथ लैब, अनुभवी डॉक्टर और समय की पहचान है। डॉ. पीयूष जोशी, जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस शर्मा के सुपुत्र हैं और समर्पण के साथ हर मरीज का इलाज करते हैं।

नाक, कान, गला रोगों के उपचार में आने वाले दशक में संभावित अमूलचूल परिवर्तन

डॉ. सुधांशु अनंत पांडे, MS (ENT) द्वारा डॉक्टर्स डे पर विशेष टिप्पणी

आगामी दशक में नाक, कान और गले (ENT) रोगों के उपचार पद्धति में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे। आधुनिक तकनीकों के आगमन ने ENT चिकित्सा को अत्यंत उन्नत बना दिया है।

वरिष्ठ ENT विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु अनंत पांडे बताते हैं कि जैसे-जैसे मेडिकल साइंस प्रगति कर रहा है, वैसे-वैसे श्वहृञ्ज क्षेत्र में भी रोज़ नई तकनीकों और उपकरणों का समावेश हो रहा है। उन्होंने स्वयं को निरंतर अपडेट रखते हुए एंडोस्कोपिक सर्जरी, लेज़र थैरेपी, कॉकलियर इम्प्लांट्स और न्यूनतम इनवेसिव तकनीकों को अपनाया है, जिससे मरीजों को कम दर्द और तेजी से रिकवरी मिल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग आधारित डायग्नोस्टिक सिस्टम, ENT रोगों की शीघ्र पहचान और व्यक्तिगत उपचार योजना बनाने में मददगार साबित हो रहे हैं। AI की सहायता से अब MRI/CT स्कैन की सटीक व्याख्या और पूर्वानुमान लगाना आसान हो गया है। आने वाले वर्षों में जीन थैरेपी, बायोइंजीनियरिंग, और रोबोटिक सर्जरी जैसे क्षेत्रों में भी प्रगति होने की संभावना है, जो ENT की जटिल बीमारियों में भी स्थायी समाधान देने में सक्षम होंगे। श्रवण यंत्र अब AI-सक्षम हो चुके हैं, जिससे बधिर मरीजों को अत्याधुनिक श्रवण अनुभव मिल रहा है।

डॉ. पांडे कहते हैं कि, 'चिकित्सक को समय के साथ खुद को अपडेट करना जरूरी है। नई तकनीकों को अपनाकर हम मरीजों को बेहतर इलाज और बेहतर जीवन दे सकते हैं। इस तरह आने वाला दशक ENT चिकित्सा के लिए अत्यधिक संभावनाओं और उन्नति से भरपूर होगा।

डॉ सुधांशु अनंत पांडे
मो +91 79766 09972

DOCTORS : ARE YOU TAKING CARE OF YOURSELF?
You are your most valuable asset

writer : Dr Mahesh Poddar senior physician and leading motivator

Your health matters, too.

Doctors dedicate their lives to healing others — but often at the cost of their own health. In the midst of long hours, emergencies, and emotional demands, itÓs easy to forget that even caregivers need care.

Dear doctors, your dedication is deeply valued. But to continue serving others effectively, it is essential to prioritize your own physical **and mental wellbeing.**

Tips for a Healthier You

PHYSICAL HEALTH

Hydration : Drink enough water daily to support your bodyÓs systems.

E&ercise : Aim for vz® minutes of moderate or |z minutes of vigorous activity per week.

Balanced Diet : Eat plenty of fruits, vegetables, whole grains, lean proteins, and healthy fats.

Sleep : Get |-} hours of restful sleep each night.

MENTAL HEALTH

Manage Stress : Practice meditation, deep breathing, or yoga to stay grounded.

Take Breaks : Short, regular pauses can prevent burnout.

Seek Support : Talk to peers, friends, or a mental health professional when needed.

Self-Care : Engage in hobbies and activities that bring peace and joy.

Mind-Body Practices That Help

Mindfulness Meditation : Cultivates focus and emotional balance.

Hatha Yoga : Combines movement with breath control.

Yin Yoga : Deep, slow postures that calm the nervous system.

Remember, a healthy doctor provides better, more compassionate care.

Take care of yourself — not just for your patients, but for you. You are your most valuable asset

Dr mahesh Poddar
Mo. 9829065965

डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर 100 से अधिक चिकित्सकों को किया गया सम्मानित
हुआ भव्य समारोह

राजस्थान की चिकित्सा सेवा को समर्पित डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना में किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन में लगभग 1000 चिकित्सकों ने भाग लिया और समाज सेवा में अपने योगदान का गौरवपूर्ण अनुभव साझा किया।

समारोह के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सक्सेना ने बताया कि यह समारोह चिकित्सकों के अथक परिश्रम, समर्पण और सेवाभाव को सम्मानित करने का एक प्रयास है।

कार्यक्रम में राजस्थान मेडिकल काउंसिल एवं जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. राजवेंद्र सिंह चौधरी और डॉ. अरविंद अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे।

वहीं, विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में उत्कृष्टता के लिए 50 से अधिक चिकित्सकों को 'मास्टर अवार्ड', 60 से अधिक चिकित्सकों को 'लीडरशिप अवार्ड', और कई युवा डॉक्टरों को 'बडिंग स्टार अवार्ड' से नवाजा गया।

सम्मानित चिकित्सक
इस विशेष अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में दीर्घकालिक सेवा और विशिष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किए गए।डॉ. महेश पोद्दार, डॉ. निर्मल कुमार जैन, डॉ. रेनू सहगल, डॉ. सुरेश सहगल एवं डॉ. विष्णुकांत पांडे।

आयोजन समिति

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नवनीत सक्सेना (चेयरमैन), डॉ. नवनीत गुप्ता (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी), डॉ. संजय मेंहदीरत्ता (अध्यक्ष), डॉ. राकेश कालरा (सेक्रेटरी), डॉ. दीपक भारद्वाज (कोषाध्यक्ष), डॉ. सुदीप जैन (उपाध्यक्ष) और डॉ. तरुण पाटनी (कन्वीनर) की अहम भूमिका रही।

मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 'एक डॉक्टर केवल शरीर का इलाज नहीं करता, वह समाज में विश्वास और उम्मीद का प्रतीक होता है।'

उन्होंने डॉक्टर्स डे को 'सम्मान और आत्ममंथन का पर्व' बताया। डॉ. एन.सी. पूनिया ने भी चिकित्सकों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने क्षेत्र की भावी चुनौतियों और अवसरों पर अपने विचार रखे।

यह समारोह डॉक्टरों के योगदान को न केवल मान्यता देने वाला रहा, बल्कि समाज को यह संदेश देने वाला भी रहा कि चिकित्सक सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि जीवनदाता होते हैं।

डॉक्टर्स डे का यह आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि चिकित्सा सेवा को समर्पित भावों भरा रहा। समान समारोह के अंत में म्यूजिकल प्रोग्राम के दौरान डॉक्टर ने भूली बिसरी यादें और संगीत सुनाया।

डॉक्टर दिवस पर डॉ. डी.के. कासलीवाल का संदेश
चिकित्सा एक सुनहरा पेशा है, पर इसमें समय और समर्पण की माँग अधिक

डॉ. कासलीवाल
मो 94140 43757

एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. डी.के. कासलीवाल ने डॉक्टर दिवस के अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र को एक ÷सुनहरा और सेवा भाव से भरा प्रोफेशन÷ बताया। उन्होंने कहा कि यह पेशा न केवल ज्ञान, दक्षता और संवेदनशीलता की माँग करता है, बल्कि इसमें करियर की शुरुआत में लंबा समय और तपस्या लगती है, जो इसे अन्य प्रोफेशनों से अलग बनाती है। डॉ. कासलीवाल, जो कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज में वर्ष 1962 में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले छात्रों में से एक हैं, ने कहा कि डॉक्टर बनने की यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण होती है, जिसमें जीवन का एक बड़ा हिस्सा अध्ययन, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण में गुजरता है।

उन्होंने चिंता जताई कि आजकल चिकित्सकों को चिकित्सा कार्य के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों में भी झोंका जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा– 'चिकित्सक को यदि उसकी रुचि के विपरीत प्रशासनिक कार्यों में लगाया जाएगा, तो उसकी दक्षता और सेवा की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि डॉक्टरों को केवल चिकित्सा कार्यों में ही लगाए, ताकि वे मरीजों की सेवा में पूर्णतः समर्पित रह सकें।' यह संदेश विडंबना को भी सामने लाता है जिससे आज के डॉक्टर जूझ रहे हैं – जहां सेवा का भाव तो है, पर सुविधाएं और व्यावसायिक संतुलन की कमी है।

डॉक्टर्स के लिए योग है अति महत्वपूर्ण

डॉ अशोक गोयल
मो. +91 93145 02380

बनी पार्क हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व फिजिशियन डॉ. अशोक गोयल ने डॉक्टर्स डे पर अपने साथियों को संदेश देते हुए कहा कि डॉक्टर्स की जिम्मेदारियां जहां दिन-रात मरीजों की सेवा और सतत मानसिक सक्रियता की मांग करती हैं, ऐसे में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना डॉक्टरों के लिए अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने में भी बेहद प्रभावी है। डॉक्टरों की व्यस्त दिनचर्या में जब खुद के लिए समय निकालना मुश्किल होता है, तब योग एक ऐसा साधन है जो थोड़े से समय में भी गहरा सुकून और ऊर्जा प्रदान करता है।

NEURO CARE HOSPITAL
& Research Centre Pvt. Ltd
Dr. NEMI CHAND POONIA
DIRECTOR
(MBBS, MS, Mch Neuro surgery)
Vision of Excelence Mission to save Lives
न्यूरो एवं स्पाइन की विश्व स्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा
न्यूरो एंडोस्कोपी द्वारा मस्तिष्क एवं स्पाइन के ऑपरेशन की सुविधा
14 बेड का गहन चिकित्सा इकाई, विश्व स्तरीय मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
नसों के रास्ते दिमाग की जटिल बीमारियों का इलाज
राजस्थान में प्रथम न्यूरो नेविगेशन सिस्टम के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा
1/611 Sector 1, Vidhyadhar Nagar Jaipur
PH: 0141-2236712, 9983300286

डॉक्टर्स - डे की हार्दिक शुभकामनाएं
Joyous Superspeciality Hospital
B-35, Saket Colony, Khadda Basti, Jaipur-4
Mo. 9351633420, 0141-6764475
Timing :
Morning : 9-10 AM
Evening : 5-7 PM
Dr. Aruna Kundra Bamaniya
MBBS, MS (Obs & Gyane)
Infertilty Specialist &
Laparoscopic Surgeon

आधुनिक लेजर नेत्र चिकित्सा में राज्य का गौरव
स्माईल लेसिक
चश्मा हटाने का राज्य में एकमात्र स्थान
SMILE LASIK
बिना फ्लेप, बिना ब्लेड
लेजर द्वारा चश्मा हटाना,
पतले कार्निया के लिए भी अधिक सुरक्षित
VisuMax Laser
राज्य/केन्द्र सरकार कर्मचारियों, पेन्शनर्स एवं मेडिकल के लिए अधिकृत नेत्र चिकित्सालय
डॉ.वीरेन्द्र लेजर, फेको सर्जरी सेन्टर
टोंक फाटक, फोर्ड शोरूम के पीछे,टोंक रोड़, गांधी नगर, जयपुर
9829017147, 9414043006 www.newsperfectvision.com

Dr. Goyal's
PATH LAB & IMAGING CENTRE
Dr. Piyush Goyal
MBBS, DMRD
Director & Chief Radiologist
• MRI (3 Tesla) • CT SCAN (32 Slice) • 3D/4D ULTRA SONOGRAPHY • COLOUR DOPPLER • CTMT • 2D ECHO • ECG • NCV • EEG • EMG • LABORATORY • DIGITAL X-RAY
B-51, Ganesh Nagar, Near Metro Pillar No. 109-110
New Sanganer Road, Sodala, Jaipur
Ph: 0141-2293346, 4049787, 9887049787

"विचार" ॐ सफेद दाढ़ी वाला सन्यासी

पंकज अंबा

महात्मा का नाम आते ही सामने एक चेहरा घूमने लगता है पीले कपड़ों में लिपटा सफेद ढ़ाढ़ी वाला एक बुजुर्ग सन्यासी, पर मेरी नजर में ऐसा नहीं है (शायद में गलत हूँ), मेरी नजर में महात्मा वो है जो बिना पीले कपड़े पहने हुये भी, बिना मालिक के नाम लिये हुये भी, महान् सच्चे कर्म करता है। वो बड़ा नास्तिक भी हो सकता है।

समय बदल गया युग बदल गया पर आज भी हमारी नजर में तपस्वी, महात्मा का मतलब होता है गुफाओं में छुपा हुआ महान् बुजुर्ग पुजारी पर उससे कहीं बड़ा महात्मा मुझे तो मजदूर लगता है जो भरी गर्मी में भी सुबह से शाम काम करके अपने बच्चों का पेट पालता है तो गलत काम करने की भी नहीं सोचता चाहे तो दिन भर फावड़ा चलाने की जगह चाकू चला कर बड़ी वारदात करके अपने बच्चों को ऐश करवा सकता है पर आज कल उलटा दिखता है जो ऐसे सच्चे महात्मा है लोग उनको पागल समझते हैं कहते है सारी उम्र पिसता रहा, सच्चाई पर चलता रहा, क्या किया अपने परिवार के लिये पर जो काली कमाई कर रहे है वो बड़े आदमी बन गये, महात्मा बन गये है उनके लिये जिनके मन्दिरों, आश्रमों के

लिये बड़ी-बड़ी रसीदें काटते हैं, उनके लिये जिनके एन.जी.ओ. के लिये बड़ा दान देते हैं। आज कितना समय हो गया रावण, कंश, दुष्शासन को गये हुये पर के आज भी दिखते है, हमारे समाज में सब पापी दिखते है (बस रूप नाम बदल गया है) लड़कियों को उठाते हुये उनको बेचते हुये उनका चीर हरण करते हुये, नहीं दिखता तो बस वो कृष्ण और राम। कहीं कोई भूले से दिख भी जाता है तो मजाक बन जाता है। पर ऐसा नहीं है, मेरी नजर में तो राम आज भी है पर हमारा राम बेचारा आत्मा राम बन कर ही रह गया है (आज नई पीढ़ी के कई लोगों को आत्मा राम के बारे में पता नहीं होगा अपने बुजुर्गों से पूछे) आत्मा में ही है, शरीर में प्रकट ही नहीं हो पाता। भगवान रूपी डाक्टर होने के बाद भी क्यूं ऐसी जाँचे करवाते हो जिसकी जरूरत उस मरीज को नहीं है (यह तुम अच्छी तरह जानते हो) पर ध्यान रखना आगे तुम्हारी भी जाँच होगी तब ऊपर वाले के सामने क्या जवाब दोगे। आज भी अभी भी समय है अपनी आत्मा में साये राम को जगाओ। हमारी आंखों के ही सामने सब गलत हो रहा है पर हम शायद किसी दूसरे के भरोसे आँख बंद कर लेते है। अगर वाकई महात्मा बनना है तो अपनी सोई आत्मा को जगाओं आवाज बुलंद करो ऐसे लोगों के खिलाफ - देखों फिर कोई माने या ना माने तुम खुद की नजर में और ऊपर वाले की नजर में महात्मा कहलाओगे।

संपर्क सूत्र : पंकज अम्बा
मो 9829353757



डॉ. राजेन्द्र धर

उपवास क्यों और क्या है सही तरीका

बहुत सारे लोग तरह-तरह के डाइट प्लान्स अपना रहे हैं, जिनमें इंटरमिटेंट फास्टिंग, कीटो डाइट आदि प्रमुख हैं।

निम्स मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर और वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर राजेंद्र धर कहते हैं कि उपवास का प्रचलन सदियों पुराना है आजकल अधिक सेहतमंद व एक्टिव रहने के लिए बहुत सारे लोग तरह-तरह के डाइट प्लान्स अपना रहे हैं, जिनमें इंटरमिटेंट फास्टिंग, कीटो डाइट आदि प्रमुख हैं। इनमें से किसी डाइट प्लान में आपको कुछ घंटों के लिए भूखा रहना पड़ता है तो कुछ में नियमित अंतर पर सप्ताह में 1-2 बार।

अध्ययन के मुताबिक महीने में सिर्फ एक या दो दिन का उपवास रखकर भी आप अपने शरीर को सेहतमंद रख सकते हैं। ऐसा करने से स्वस्थ बने रह सकते हैं व लंबी जिंदगी जीने का अवसर भी मिल सकता है।

उपवास करने से हमारा स्वयं का आत्मनियंत्रण तो मजबूत होता ही है साथ ही कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं जैसे कि उपवास कैलोरी की मात्रा को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे वजन कम करने में सहायता मिलती है। इससे पाचन क्रिया बेहतर होती है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकता है। बीमारियों से

लड़ने में मदद करता है। शरीर को डिटॉक्स करता है। इससे मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार आता है। यह शरीर में सूजन को कम करने में सहायक है, जो कई बीमारियों से जुड़ा होता है।

अहम बात यह है कि जब हम उपवास रखते हैं तो काफी समय तक भूखा रहना पड़ता है, इसलिए उपवास के बाद इस बात पर खास ध्यान देना चाहिए कि व्रत खोलने के बाद भोजन में क्या खाएं और किन चीजों से परहेज करें। उपवास के बाद हल्का खाना खाना चाहिए। यदि बीमार हैं या वजन सामान्य से कम हो, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे और किशोर हों, कोई दवा ले रहे हैं व शुगर का स्तर असंतुलित रहता हो, बुजुर्ग, गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उपवास से बचना चाहिए।

संपर्क सूत्र-
डॉ. राजेन्द्र धर
मो. 94140-73962

दादी मां के नुस्खे



सहारा आयुर्वेदिक सेंटर के डॉ. अशोक शर्मा का कहना है कि मानव शरीर के रोगोपचार में कई बार घरेलू नुस्खे बहुत कारगर होते हैं।

झुर्रियों से मुक्ति

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां लाजमी हैं लेकिन प्रदूषण, तनाव और गलत जीवनशैली की वजह से समय से पहले ही झुर्रियां आपके चेहरे की रौनक छीन सकती हैं। ऐसे में इन्हें दूर भगाने के लिए जरूरी नहीं कि आप एंटी एजिंग उत्पादों या पार्लर पर पैसे खराब करें। आप घर पर भी इनसे बचाव के लिए होममेड पैक तैयार कर सकते हैं।

अंडा और क्रीम - अंडा में बायोटिन, पप्रोटीन और विटामिन्स अच्छी मात्रा में होते हैं जो त्वचा का कसाव बरकरार रखते हैं और झुर्रियां कम करने में मददगार होते हैं। इसके अलावा, उसकी पीली जर्दी में एंटीएजिंग गुण मौजूद हैं जबकि क्रीम त्वचा को मॉश्चराइज करती है। इसके लिए अंडे को आधा कटोरी क्रीम में फेंटे और कुछ बूंद नींबू का रस डालकर मिलाएं। इस मास्क को चेहरे पर 15 मिनट तक लगाकर छोड़ दें और ठंडे पानी से चेहरा धुलें। आप इसे नियमित रूप से भी लगा सकते हैं।

केले और गाजर का मास्क - केला और गाजर, दोनों में ही विटामिन्स मौजूद हैं जो त्वचा को पोषण देते हैं, दाग दूर करते हैं और झुर्रियां नहीं पड़ने देते। एक केले और एक गाजर को पीसकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से चेहरा साफ करें।

संपर्क: डॉ. अशोक कुमार शर्मा
मो. 9314512311

उपरोक्त नुस्खे चिकित्सक की सलाह से ही लें।

महात्मा गांधी हॉस्पिटल, जयपुर में चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान

डॉ. मनीष गुप्ता ने किए 50 रोबोटिक यूरोलॉजिकल सर्जरी

डॉ. मनीष गुप्ता

महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनीष गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने हाल ही में Da Vinci X रोबोटिक सिस्टम की सहायता से 50 सफल यूरोलॉजिकल सर्जरी पूरी की हैं। यह उपलब्धि राजस्थान में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग की दिशा में अहम है।

डॉ. मनीष गुप्ता ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, मैं महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की डायनामिक चेयरपर्सन एवं संपूर्ण प्रबंधन का दिल से आभार प्रकट करता हूं।

Da Vinci X सिस्टम के माध्यम से की जाने वाली रोबोटिक सर्जरी में अधिक सटीकता, कम दर्द, कम

रक्तस्राव और शीघ्र रिकवरी जैसी अनेक विशेषताएं होती हैं।

संपर्क सूत्र -
डॉ. मनीष गुप्ता
मो. स्वस्वस्व

प्रोस्टेट कैंसर हर साल 14 लाख नए केस

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को प्रोस्टेट कैंसर हो गया है। यह अग्रेसिव स्टेज में है, जो उनकी हड्डियों तक में तेजी से फैल रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, साल 2020 में पूरी दुनिया में 14 लाख से ज्यादा प्रोस्टेट कैंसर के नए केस मिले थे। हर साल ये मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

हाल ही में यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ यूरोलॉजी कांग्रेस में एक स्टडी पेश की गई। इसमें 20 साल तक 1,60,000 पुरुषों की मेडिकल हिस्ट्री ट्रैक की गई। इसमें पता चला कि जो लोग प्रोस्टेट कैंसर के लिए स्क्रीनिंग नहीं कराते हैं तो उनकी जान जाने का जोखिम 45% ज्यादा होता है। भारत में ये ज्यादा चिंता की बात है, क्योंकि यहां प्रोस्टेट कैंसर की समय पर जांच नहीं होना एक बड़ी समस्या है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के मुताबिक, भारत में हर साल 33,000 से 42,000 नए मामले सामने आते हैं। साल 2040 तक प्रोस्टेट कैंसर के नए मामलों की संख्या दोगुनी होकर हर साल करीब 71,000 तक पहुंच सकती है। फिलहाल भारत में प्रोस्टेट कैंसर कुल कैंसर मामलों के लगभग 3त्न मामलों के लिए जिम्मेदार है।

प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों को होने वाली एक कॉमन और गंभीर बीमारी है। पुरुषों के रीप्रोडक्टिव सिस्टम में एक प्रोस्टेट ग्लैंड होती है। यह एक छोटी सी अखरोट के आकार की ग्रंथि होती है, जो यूरिनरी ब्लैडर के नीचे और मलाशय के सामने होती है।

प्रोस्टेट कैंसर के लक्षण क्या हैं? - प्रोस्टेट कैंसर होने पर शुरुआती दिनों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखता है, लेकिन यह जैसे-जैसे बढ़ता है कुछ समस्याएं नजर आ सकती हैं। इनमें बार-बार पेशाब की जरूरत महसूस होती है और खासकर रात में होती है। पेशाब करते समय जलन या दर्द हो सकता है। पेशाब रुक-रुक कर आ सकती है।



प्रोस्टेट कैंसर क्यों होता है? - प्रोस्टेट कैंसर की वजह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है, लेकिन उम्र, अनुवांशिकी, हॉर्मोनल असंतुलन, खराब डाइट, लाइफस्टाइल और एनवायर्नमेंटल कारक इसकी वजह बन सकते हैं। ये सभी चीजें मिलकर प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

जयपुर की शान बनेगा JAS-2025 पर्यटन कैलेंडर में भी दर्ज

● हैल्थ व्यू

जयपुर। रंगीन रत्नों और जड़ाऊ गहनों की धरती जयपुर एक बार फिर अपनी पहचान को वैश्विक स्तर पर मजबूती देने जा रहा है। ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर द्वारा आयोजित JAS-2025 - The Premium

BwB Show का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक सीतापुरा स्थित Novotel Jaipur Convention Center में किया यह भव्य शो देश के सबसे बड़े BwB ज्वैलरी आयोजनों में से एक है, जिसे राजस्थान पर्यटन विभाग ने भी राज्य के वार्षिक पर्यटन कैलेंडर में शामिल किया है। इस तीन दिवसीय आयोजन में 310 से अधिक बूथों पर जयपुर के प्रसिद्ध रंगीन रत्नों, कुंदन-मीना-पोलकी, डायमंड व ओपन सेटिंग ज्वेलरी का भव्य प्रदर्शन होगा। इस बार शो में 185 बूथ जेमस्टोन और 125 बूथ ज्वेलरी के होंगे। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, सूरत, मेरठ जैसे शहरों के 24 से अधिक एक्सहिबिटर्स भी इसमें भाग लेंगे, जबकि 1200 से अधिक पंजीकृत ट्रेड बायर्स और 600 होस्टेड बायर्स की उपस्थिति रहेगी। JAS-2025 का उद्घाटन 4 जुलाई सुबह 10 बजे टाइटन कंपनी (Tanishq) के एमडी श्री C.K. वेंकटरमण व राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।

जयपुर - रत्न नगरी की पहचान - जयपुर पूरी दुनिया में 95% एमरेल्ड प्रोसेसिंग के लिए जाना जाता है। इस शो में समुद्र, खदानों और पहाड़ों से प्राप्त दुर्लभ रत्नों को जयपुर के कारीगरों द्वारा तराशे हुए रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। जयपुर की प्रसिद्ध कुंदन-मीना-पोलकी जड़ाऊ आभूषणों के नवीनतम डिज़ाइन इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

ट्रेड बायर्स के लिए Royal Lounge और लंच में राजस्थानी, पंजाबी व कॉन्टिनेंटल फूड का विशेष प्रबंध भी किया गया है, जिससे जयपुर की पारंपरिक मेहमाननवाजी का अनुभव मिल सके।

Jewellery Eminence Award का आयोजन-5 जुलाई को होटल Novotel में 17वां Jewellery Eminence Award समारोह आयोजित होगा, जिसमें 19 श्रेणियों में देशभर से आए प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस बार रिकॉर्ड 605 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। JE का थीम "Royale D Art" महाराजाओं की भव्यता को समर्पित है।

डॉक्टर्स डे - विशेष उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया

हैल्थ व्यू @ जयपुर

1 जुलाई को प्रतिवर्ष डॉक्टर्स डे समारोह आयोजित किया जाता है इस अवसर की पूर्व संध्या पर प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी द्वारा चिकित्सकों को चिकित्सकों द्वारा उनके क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत सक्सेना ने बताया कि इस समारोह में लगभग 1000 चिकित्सकों ने भाग लिया।

DR. AKSHAY SHARMA
DR. AMIT KUMAR AGARWAL
DR. AMIT KUMAR SANGHI
DR. ANIL SHARMA
DR. ASHISH SHARMA
DR. ASHOK KUMAR GUPTA
DR. BABITA GUPTA
DR. BHARAT CHANCHALANI
DR. BHARAT.B.GROVER
DR. BRAJESH KUMAR SINGHAL
DR. DEEPANSHU GURNANI
DR. DEEPIKA GUPTA
DR. DEVENDRA SHARMA
DR. DINESH CHAND GUPTA
DR. GAURAV KANT SHARMA
DR. GIREESH GUPTA
DR. HANS RAJ VERMA
DR. JYOTI BANSAL
DR. KONPAL AGRAWAL
DR. LAL CHAND MITTAL
DR. LAXMI KUMAWAT
DR. MADAN MOHAN AGARWAL
DR. MAHENDRA KUMAR VERMA
DR. MANISH CHOMAL

यह समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर झलना में 30 जून को संध्या में आयोजित हुआ।

इस समारोह के चीफ गेस्ट राजस्थान मेडिकल काउंसिल और जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश मोदी थे और गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर राजवेंद्र सिंह चौधरी और डॉक्टर अरविंद अग्रवाल थे।

इस अवसर पर निम्न चिकित्सकों को मास्टर अवार्ड दिया गया उनकी स्पेशलिटी में।

DR. MANOHAR LAL SHARMA
DR. MONICA BANSAL
DR. NIKHIL AJMERA
DR. PAVAN KUMAR JAIN
DR. PRAMOD SARWA
DR. PRIYA GUPTA
DR. RAJESH JAIN
DR. RAJVINDER SINGH CHOUDHARY
DR. RAKESH AGRAWAL
DR. RAKESH KUMAR SHARMA
DR. RASHI AGRAWAL
DR. RITU AGARWAL
DR. SAMANVAYA SONI
DR. SANDEEP MUNDRA
DR. SANGEETA BHARGAVA
DR. SANJAY KUMAR MITTAL
DR. SANJEEV SIDANA
DR. SANJIV HOOJA
DR. SHREERAM GUPTA
DR. SHUBHKAM ARYA
DR. SITARAM GUPTA
DR. SULBHA ARYA
DR. SUNIL KUMAR JAIN
DR. SWATI AGGARWAL

इन चिकित्सकों को उनकी स्पेशलिटी में लीडरशिप अवार्ड दिया

Dr. Ajay bansal
Dr. Ajay Pal Singh
Dr. Alok Mathur
Dr. Alpana Parihar
Dr. Ambrish Kumar
Dr. Amit Bhatnagar
Dr. Amrita Sethi
Dr. ANJU MATHUR
Dr. Anshu S S Kotia
Dr. Dev Kumar Pingolia
Dr. Devendra Kumar
Dr. Dhananjay
Dr. Dharam Prakash
Dr. Dheeraj Verma
Dr. Govind Singh
Dr. Kewal Krishan
Dr. Lokesh Goyal
Dr. Mamraj Gupta
Dr. Manish Gupta
Dr. Monica Bhatia
DR. MUKESH
Dr. Neetu Rajvanshi
Dr. Pankaj Gupta
Dr. Pawan Agarwal
Dr. Pradeep Kumar Jain
Dr. Puneet goyal
Dr. Raj Kumar Makkar
Dr. Rajeev Kedawat
Dr. Rajeev Narang
Dr. RAJEEV SINGH
DR. RAJIV AHUJA
Dr. Rajkumar Yadav
Dr. Ramesh Kumar Soni
Dr. RavinDra Dhabhai
Dr. Rohit Charan
Dr. S.K.Jain
Dr. Sameer Rastogi
Dr. Sandeep Jasuja
Dr. Sanjay Kumar mittal
Dr. Saroj Sharma
Dr. Shivani Swami
Dr. Sondev Bansal
Dr. Sudeep Jain
Dr. Sudhir Yadav
Dr. Surendra Singh
Dr. Tarun Kumar Mittal
Dr. Vandana Jain
Dr. vijay sharma
Dr. VirenDra Singh
Dr. Yaneesh Maheshwari

विज्ञान के लिए संपर्क करें
मोबाइल नम्बर - 9829066272
बिना रसीद का पेमेंट नहीं दे

Fixed Teeth only in 1 Hour
Dr. Preeti Mittal
ORAL DENTAL SURGEON
105, vrindavan vihar colony King s Road Nirman Nagar Jaipur
Mo: 9829460460

H.N. NURSING HOME
चूरू क्षेत्र का एक विश्वसनीय केन्द्र
DR. MUMTAJ ALI
Churu- Rajsthan
Mob. 9414084525
Ph: 250763

सूचना
हैल्थ व्यू में प्रकाशित लेख लेखकों के अपने विचार हैं और केवल आपकी जानकारी के लिए है कोई भी लेख पर अमल करने से पूर्व अपने चिकित्सक से परामर्श अवश्य कर लें। हैल्थ व्यू के सम्पादक, प्रकाशक व मुद्रक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
THE EDITTORIAL BOARD DOES NOT ENDORSE ANY PRODUCTS ADVERTISED IN THIS NEWSPAPER.
किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल जयपुर होगा।

प्रत्येक अंतिम शनिवार को नि:शुल्क एक्युप्रेशर व रेकी चिकित्सा जिसमें शारीरिक, मानसिक व चर्म से संबंधी रोगों का उपचार होगा।
संपर्क सूत्र
आकृति क्लिनिक
डॉ. पमिला छाबड़ा
मो. : 9829735666
रेकी व एक्युप्रेशर प्रशिक्षण हेतु संपर्क करें

LIFE SAVER
A SHOP OF LIFE SAVING DRUGS
STOCKISTS FOR
Cancer & Cardiac Medicines, Disposable Surgery Items Nutrition Fluids
168, Nehru Bazar, JAIPUR
TelÑ 2313129, 2310483, 2313281, MobÑ 98290-14267
DELIVERY FACILITY AVAILABLE

MAHAVEER DIAGNOSTIC
Super Speciality Lab
Thyroid ♦ Harmones ♦Tumour Markers ♦ Infertility/ Pregnency Hormones♦ Torch ♦ Metabolic Hormones ♦ Druf Assays
Dr. Manoj Jain
Mob. 94144-60959
ECHO & COLOR DOPPLER CENTRE
Whole Body Color Doppler Study, 2 D Echo- Adult & Paediatric, Carotid Doppler, Peripheral & Renal Doppler, Small Parts - Penile Doppler, Fetal Doppler & Echo
Manav Ashram, Gopalpura Mod, Jaipur Ph: 2704787

नशे के फैलते जाल से युवा पीढ़ी पर मंडराता संकट

संपादकीय

राजस्थान सहित पूरे देश में मादक पदार्थों की तस्करी एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रही है। हाल ही में बाड़मेर में भारत-पाक सीमा के पास हेरोइन की भारी खेप की बरामदगी इस बात का संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय गिरोहों ने प्रदेश में अपनी जड़ें मजबूत करना शुरू कर दिया है।

हेरोइन, अफीम, गांजा, डोडा-पोस्त जैसी नशीली वस्तुओं की लगातार बरामदगी और युवाओं की बढ़ती संलिप्तता से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि आने वाली पीढ़ी एक बड़े खतरे की ओर बढ़ रही है।

विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मादक पदार्थों के उपभोक्ताओं की संख्या 292 मिलियन पहुंच चुकी है, जो पिछले दशक की तुलना में 20त्न अधिक है। एनसीबी के अनुसार देश में लगभग 10 करोड़ लोग किसी न किसी नशीले पदार्थ के आदी हैं। राजस्थान भी इस बढ़ती लत से अछूता नहीं है।

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब में नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं, जो नशे के नेटवर्क की गहराई और व्यापकता की पुष्टि करते हैं।

चिंता की बात यह है कि नशे के सौदागरों को कहीं न कहीं संरक्षण भी मिल रहा है। जब तक इस अवैध गठजोड़ को नहीं तोड़ा जाएगा, तब तक नशे की तस्करी पर लगाम लगाना मुश्किल होगा। पुलिस और प्रशासन के लिए यह दोहरी चुनौती है—तस्करी को रोकना और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना। जरूरत है एक व्यापक रणनीति, कठोर कार्रवाई और सामाजिक जागरूकता की, ताकि नशे के इस अंधेरे जाल से भविष्य की पीढ़ी को बचाया जा सके।

वजन घटाने की दवाएं कैसे काम करती हैं?
क्या ये वेट लॉस का सुरक्षित तरीका है?

बढ़ता वजन लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी है। मोटापा का बढ़ना जितना आसान है उसे घटाना उतना ही मुश्किल है। वजन घटाने के लिए लोग डाइटिंग का सहारा लेते हैं, वर्कआउट करते हैं। डाइटिंग करना काफी मुश्किल काम है खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें ज्यादा खाने की आदत है और जो भूख पर काबू नहीं पा सकते हैं। देश और दुनिया में मोटापा के शिकार लोगों का वजन कम करने के लिए कई तरह की दवाओं का इजाद किया जा रहा है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने 2017 में ओज़ेम्पिक (Ozempic) दवा को मंजूरी दी थी जिसे टाइप-2 डायबिटीज का इलाज करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। भारत में ओज़ेम्पिक को 2022 में लॉन्च किया गया था। डायबिटीज कंट्रोल करने वाली ये दवा वजन घटाने में भी असरदार साबित हो रही है। इस दवा का सेवन लोग वजन कम करने के लिए कर रहे हैं। अब सवाल ये उठता है कि आखिर वजन कम करने की इस दवा की कितनी खुराक का सेवन किया जाए कि वजन कंट्रोल रहे। क्या सिर्फ दवा खाने से वजन कंट्रोल होता है। डायबिटीज स्पेशलिस्ट सेंटर के अध्यक्ष डॉ. मोहन ने बताया उनके पास काफी पेशेंट ऐसे आते हैं जो वजन कम करने वाली दवा के बारे में पूछताछ करते हैं। आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि ये वजन कम करने की दवा कैसे असर करती है, क्या सिर्फ दवा खाकर वजन को कंट्रोल किया जा सकता है, सभी सवालों के जवाब एक्सपर्ट से जानते हैं।

वजन घटाने की दवाएं कैसे काम करती हैं – डायबिटीज स्पेशलिस्ट सेंटर के अध्यक्ष डॉ. मोहन ने बताया वेट लॉस करने वाली कुछ दवाएं भूख कम करती हैं, कुछ दवाएं वसा के अवशोषण को रोकती हैं तो कुछ दवाएं ऐसी है जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती हैं या ब्रेन के सिग्नल को प्रभावित करती हैं जिससे वेट लॉस करना आसान होता है।

क्या वजन घटाने वाली दवाएं वजन घटाने का सुरक्षित तरीका है? – वजन घटाने की दवाएं वजन को कम करने के लिए सुरक्षित हैं लेकिन सिर्फ इन दवाओं पर निर्भर होकर आप वजन को कंट्रोल नहीं कर सकते। इन दवाओं का इस्तेमाल करने के साथ ही आप अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करें और डॉक्टर से जरूरी सलाह लें।

सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया।
सोच बदलनी होगी यह कहावत शाश्वत सत्य है। सभी सुखी हों सभी रोग मुक्त रहें हम सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बने और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े।

श्रंखला 75

सोच बदलनी होगी

डॉ मान सिंह भांवरिया

शांति शांति शांति

इसका उच्चारण करके देखो कितनी शांति प्राप्त होगी। आज हम इस मुहावरे के अनुसार आपको जीवन जीने के तरीके के बारे में बताएंगे। हम जिस आपाधापी और भागदौड़ वाली जिंदगी में जीवन यापन कर रहे हैं सोच बदलनी होगी। कुछ बिंदुओं के द्वारा हमने जीवन को सही मार्ग पर लाने के लिए समझाने की कोशिश की है।

